प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'तीन'

[27/2/2017]

प्रश्न सं. [क्र. 182]

परिशिष्ट–एक

विधानसभा तारांकित प्रश्न कमांक 182 द्वारा–श्री कैलाश चावला के प्रश्नांश (ख) का परिशिष्ट

विषय– श्री कैलाश चावला माननीय विधायक मनासा द्वारा पत्र में उल्लेखित की गई कमियों के निराकरण की दिशा में की गई कार्यवाही का विवरण –

सरल क्रमांक	बिन्दुओं का विवरण	विधान सभा प्रश्न में दी जाने वाली जानकारी
1	स्वीकृत पदो के विरूद्ध 17 गेस्ट फेक्लटी के शिक्षकों को नियुक्त किया जाना हैं। जिसकी नियुक्ति अभी तक नही हो पाई परिणामस्वरूप ट्रेड की पढ़ाई नही हो पा रही हैं।	17 मेहमान प्रवक्ताओं की नियुक्ति कर ली गई है।
2	ट्रेड की थ्योरी पढ़ाई हेतु वहाँ अध्ययनरत छात्र संख्या तथा ट्रेड की संख्या देखते हुए आवश्यक कक्ष भी उपलब्ध नही हैं परिणामस्वरूप थ्योरी की पढ़ाई नही की जा रही हैं इस हेतु आवश्यक कक्षों के निर्माण की आवश्यकता हैं।	संस्था मे संचालित व्यवसायों के लिये 11 सैद्धातिक कक्ष की व्यवस्था कर दी गई हैं। नियमित व्यवस्था हेतु 05 सैद्धांतिक कक्षों के नवीन निर्माण के लिए निर्माण एजेन्सी से प्रॉक्कलन प्राप्त किये जा रहे है।
3	वर्कशॉप के शेड इतने खराब हैं कि बारिश का पानी उसमें टपक रहा है व विगत परीक्षा में छात्रों को वर्कशॉप में बैठकर फर्श पर तीन इंच पानी होते हुए परीक्षा देनी पड़ी थी व उनकी उत्तर पुस्तिका भी पानी में भीग रही थी परिणामस्वरूप वर्कशॉप के शेड की रिपेयरिंग किया जाना अत्यंत आवश्यक हैं।	संचालनालय द्वारा निम्न विवरण अनुसार सिविल वर्क्स की स्वीकृति जारी की गई है :– 1. वर्कशॉप रिपेयरिंग (मोटर मेकेनिक, ट्रेक्टर मेकेनिक) – राशि रू. 19.95 लाख 2. वर्कशॉप रिपेयरिंग (फिटर) – राशि रू.16.81 लाख 3. आईटीआई भवन रिपेयरिंग (डिस्पेंसरी सहित) – राशि रू.19.97 लाख
4	मशीन शाखा में यह बताया गया कि स्टेपलाईजर न होने से मशीन का उपयोग नही किया जा रहा हैं। स्टेबलाइजर खरीदी की कार्यवाही की जाना आवश्यक हैं।	20 केव्हीए का एक स्टेबलाईजर क्रय के लिए आदेश जारी किये गये।
5	कम्प्यूटर शाखा में कम्प्यूटर व प्रिन्टर जो उपलब्ध कराए गए उनका उपयोग ऑफिस के काम लिया जा रहा हैं इसलिए ट्रेड के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर से परिचय कराने व उसका संचालन करने का कोई अवसर उपलब्ध हैं बच्चे कैसे शिक्षा प्राप्त कर सके यह प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा हैं।	निर्धारित मानदण्डों के अनुसार कम्प्यूटर्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है।
6	मोटर ट्रेड में मोटर ड्राइविंग की ट्रेनिंग दी जाती हैं किंतु मोटर ड्रायवर हेतु कोई वाहन संस्था के पास उपलब्ध नही हैं और मोटर के इंजन संबंधी जानकारी दिये जाने हेतु कोई पुराना वाहन भी उपलब्ध नही हैं जिससे उसका प्रशिक्षण कराया जा सकें। ट्रेक्टर ट्रेड में संस्था के पास कोई ट्रेक्टर नया या पुराना उपलब्ध नही हैं इस ट्रेड का प्रशिक्षण किस प्रकार दिया जाए प्रश्न चिन्ह खड़ा हुआ है।	एक ट्रेक्टर के कय के लिये कय आदेश जारी किये गये है।
7	संस्था रामपुरा में आईएमसी न होना।	नवीन आईएमसी का गठन प्रक्रिया में है।
8	पीने की पानी की व्यवस्था न होना।	संचालनालय द्वारा आर0ओ0 एवं वाटर कुलर कय किये गये है, जो संस्था को प्राप्त हो गये हैं।
9	संस्था में स्टॉफ रूम न होना।	स्टॉफ रूम उपलब्ध करा दिया गया है।
10	संस्था रामपुरा में ट्रेड की पढ़ाई हेतु स्टेशनरी कागज,रजिस्टर, कार्बन पेपर, आलपिन, आदि एवं ट्रेड सिखाने हेतु वायर, प्रिन्टींग पेपर जैसी	आवश्यक नियमित उपयोग में आने वाले वस्तु संबंधित प्रशिक्षण अधिकारियों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को उपलब्ध करा दी गई हैं।

सरल क्रमांक	बिन्दुओं का विवरण	विधान सभा प्रश्न में दी जाने वाली जानकारी
	आवश्यक नियमित उपयोग में आने वाले वस्तु उपलब्ध नही हैं।	
11	स्टॉफ के लोगो द्वारा यह भी जानकारी दी गई विगत दो वर्षों से यात्रा भत्ता देयकों का भुगतान भी नही हो पा रहा हैं। जिसके कारण कठिनाई का सामाना करना पड़ रहा हैं।	बजट उपलब्ध कर भुगतान की कार्यवाही की जा रही है।
12	संस्था रामपुरा के पुरे भवन की पुताई नही हुई एंव भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं। मेरे मत में जो महानुभव प्राचार्य का कार्य देख रहे है वे इस पद के कतई योग्य नही है किसी उचित एवं सक्षम प्राचार्य की नियुक्ति किया जाना अतिआवश्यक है। संयुक्त संचालक द्वारा बैठक के दोरान ही मुझे जानकारी दी गई है कि प्राचार्य द्वारा उनका नम्बर रिजेक्ट लिस्ट में डाला हुआ है फोन लगाने पर चर्चा नही कर पाते है प्राचार्य इनके निर्देशो का पालन भी नही करते है मेरे द्वारा इस पत्र में जिन उपरोक्त बातो का वर्णन किया गया है यहां उक्त संस्था की लगभग 50 प्रतिशत दुरव्यवस्था है । इस बारे में संयुक्त संचालक के माध्यम से प्रेषित प्रस्तावो को निकालकर उन्हे स्वीकृत किया जाए।	रिपियर्स के लिये राशि रूपये 56.73 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

संचालक
कौशल विकास